उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 01.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 01.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



# MAHOBA POLICE

## Meticulous Investigation & Prosecution

### मारपीट व गालीगलौज की घटना कारित करने वाले आरोपी 02 अभियुक्तों को न्यायालय ने किया दण्डित



श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के तहत जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप मा0 जे0एम0 कोर्ट कुलपहाड़ द्वारा "मारपीट व गालीगलौज की घटना कारित करने वाले आरोपी 02 अभियुक्तों को सम्बन्धित अभियोग में दोषसिद्ध घोषित करते हुए अभियुक्तों को 02-02 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

**विवरण निम्नवत है:-**

थाना महोबकंठ में पंजीकृत मु0अ0सं0 55/2021 धारा 323/504भादवि से सम्बंधित 02 नफ़र अभियुक्त क्रमश: 1.अलखराम 2.हरिओम पुत्रगण ग्यादीन अहिरवार निवासीगण माधौगंज थाना महोबकंठ जनपद महोबा को 02-02 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 01.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत
## "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने
## 02 परिवारों को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-



आज दिनांक- 01.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पति-पत्नी के 11 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 02 जोड़े आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए हैं, शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है, जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।



परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः श्रीमती नीतू पालीवाल, श्रीमती विभा पुरवार, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ का किया गया आकस्मिक निरीक्षण, थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था का लिया गया जायजा, अभिलेखों का अवलोकन कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश.. ।

आज दिनांक 01.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह थाना कुलपहाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है।

निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के अभिलेखों, बैरिक, मैस, मालखाना, हवालात, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष इत्यादि का निरीक्षण, थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई का निरीक्षण, लम्बित मामलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण रजि. यथा-त्यौहार, अपराध, भूमि विवाद, बीट सूचना अंकन रजिस्टर, सजायवी रजिस्टर तथा फ्लाईशीट का गहनता से अवलोकन कर सम्बन्धित थाना प्रभारी को महिला अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशीलता बरते जाने व त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं साथ ही अभिलेखों के उचित रख-रखाव के साथ अद्यावधिक किये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ सहित थाना हाजा में नियुक्त पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनके कार्यों की समीक्षा की गई है, जिसके क्रम में सभी को थानाक्षेत्र में सुदृढ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहें, प्रत्येक छोटी बड़ी घटना पर पैनी नजर रखते हुए सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा, पीआरओ श्री विषयदेव बुन्देला सहित थाना स्थानीय पर नियुक्त समस्त अधि0 / कर्मचारीगण मौजूद रहे।




